# अंजनिया में 50 सालों से पेयजल संकट!

**फ्लोराइडयुक्त पानी पीने से ग्रामीणों में बढ़ रहीं बीमारियां**

**छपारा नवभारत। ग्राम पंचायत अजनिया के अंतर्गत आने वाले ग्राम चंडी, भारिया टोला एवं अजनिया के ग्रामीण गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। हालात इतने खराब हैं कि ग्रामीणों को पिछले लगभग 50 वर्षों से शुद्ध पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।**

ग्रामीणों ने अपनी समस्या को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि गांव में उपलब्ध पानी पीने योग्य नहीं है। पानी में फ्लोराइड की मात्रा अत्यधिक होने के कारण किडनी स्टोन सहित अन्य बीमारियां तेजी से फैल रही हैं, जिससे लोगों का स्वास्थ्य लगातार प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों की मांग है कि भीमगढ़ बांध से संचालित पेयजल पाइपलाइन योजना में उनके गांवों को भी जोड़ा जाए, ताकि उन्हें स्वच्छ और सुरक्षित पानी मिल सके। इसके अलावा, उन्होंने बढ़ती गर्मी को देखते हुए तत्काल वैकल्पिक रूप से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने की भी अपील की है।



**ग्रामीणों ने प्रशासन को चेताया, आंदोलन की दी चेतावनी**

ग्रामीणों ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि शीघ्र उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। गौरतलब है कि इस संबंध में ग्रामीण महिलाएं पहले ही जिला कलेक्टर कार्यालय और छपारा जनपद कार्यालय में भी आवेदन प्रस्तुत कर चुकी हैं, लेकिन अब तक समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या पर कब तक प्रभावी कदम उठाता है।

## आज फिर नहीं आएंगे नल

**सिवनी नवभारत।** वॉटर प्लांट सप्लाई मेन पाईप लाइन टूट जाने के कारण मंगलवार को मेंटेनेंस कार्य जारी रहा। जिसके कारण नगरीय क्षेत्र की टंकी नहीं भर पाई नगर पालिका प्रशासन ने बताया कि 31 मार्च को सुधार कार्य के कारण नगरीय क्षेत्र में 1 अप्रैल को आंशिक जलापूर्ति होगी। नागरिकों को होने वाली असुविधा के लिये नगरपालिका ने खेद जताया है। नगरपालिका ने नागरिकों से अपने घरों में एक दिवस का जल बचाकर रखने की अपील की है। मार्च माह के आखरी सप्ताह में त्यौहारों के समय भी में ही बार बार सप्लाई पाइप लाइन टूटने की घटना सामने आ चुकी थी, जिसके चलते पेयजल सहित दैनिक निस्तार के लिए भी लोगो को भटकना पड़ा था। बीते एक सप्ताह में चौथी बार पाइप लाइन से सप्लाय बंद होने के कारण लोगो के सामने जलसंकट की समस्या हुई। बीते सप्ताह भी पाइप लाइन टूटने के कारण मेंटमेंस हुआ जरूर था लेकिन दूसरे दिन नगर के कई वार्डो के घरों में मटमैला पानी पहुँचा था।



## बढ़ती महंगाई के खिलाफ हुआ विरोध प्रदर्शन

**छपारा नवभारत।** देश में निरंतर बढ़ती महंगाई रसोई गैस की आसमान छूती कीमतों और बिजली दरों में भारी वृद्धि के विरोध में 31 मार्च दिन मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी छपारा द्वारा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सोपा गया यह ज्ञापन नायब तहसीलदार रामसेवक कौल को सौंप कर महंगाई से आम जनमानस त्रस्त हैं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र और राज्य सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई शॉपिंग गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों के कारण आम जनता महंगाई की मार झेल रही है रसोई गैस के दाम बढ़ने से घर का बजट बिगड़ गया है वहीं बिजली दरों में बढ़ोतरी ने मध्यम और निम्न वर्ग का जीना कठिन कर दिया है इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलाब साहू के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे ज्ञापन सौंपते समय जयकेश सिंह ठाकुर, आरिफ मोहम्मद खान, रमेश चौहान,सिहाब खान, श्रीचंद अवधिया, चंद्रशेखर श्रीवात्री, नितिन जैन, मिक्की परिहार, नारायण ठाकुर, श्याम सुंदर अवधिया,दीपक पाली, सत्येन्द्र ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता ने हस्ताक्षर कर अपना विरोध दर्ज कराया।

### एक नजर में

## इस्मत खान ने 99 .5 प्रतिशत अंक के साथ किया टॉप



**सिवनी।** सिवनी के अलमहा इंग्लिश मीडियम स्कूल में 30 मार्च को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस परीक्षा में छात्रा इस्मत खान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कक्षा 7वीं में 99 .5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से स्कूल सहित पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। शिक्षकों के अनुसार, इस्मत खान शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी, अनुशासित और मेहनती रही हैं। उनकी सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, बेहतर समय प्रबंधन और शिक्षकों का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा है। स्कूल प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस्मत खान अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा हैं। वहीं उनकी माता नाजिया खान और पिता इब्राहीम खान ने भी खुशी जाहिर करते हुए इसे गर्व का क्षण बताया और भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## आदविक तिवारी ने पाया शाला में तृतीय स्थान



**सिवनी।** महर्षि विद्या मंदिर के मेधावी छात्र आदविक तिवारी ने कक्षा चौथी के वार्षिक परीक्षा परिणामों में 95 प्रतिशत अंक अर्जित कर शाला में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रमोद -रश्मि तिवारी के सुपुत्र आदविक की इस उपलब्धि पर परिजनों व शाला परिवार ने बधाइयां देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## ऋषिका गुप्ता ने किया गौरवान्वित



सिवनी। विद्याश्री पब्लिक स्कूल की मेधावी छात्रा ऋषिका गुप्ता ने कक्षा यूकेजी के वार्षिक परीक्षा परिणामो में 92 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। आशीष-ऋचा गुप्ता की सुपुत्री ऋषिका की इस उपलब्धि पर परिजनों व शाला परिवार ने बधाइयां देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## अवंतिका उच्च अंकों से उत्तीर्ण,पाया प्रथम स्थान



**सिवनी।** महर्षि विद्या मंदिर में पढ़ने वाली कक्षा दूसरी की होनहार छात्रा कु.अवंतिका ने 97 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कु.अवंतिका, पूर्व में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पदस्थ रहे स्व.हंसराज राम की पोती एवं मुख्यमंत्री से वीरता सम्मान प्राप्त वरिष्ठ शिक्षिका अनीता राम की सुपुत्री हैं। छात्रा की इस उपलब्धि पर स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं सहित परिचितों ने बधाई प्रेषित उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## दृष्टि मालवी ने हासिल किए 100 प्रतिशत अंक, स्कूल में प्रथम



**सिवनी।** छिंदवाड़ा जिले के चौरई नगर पालिका परिषद क्षेत्र के रेडिएंट इंग्लिश मीडियम स्कूल की नन्ही छात्रा दृष्टि मालवी ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में शानदार सफलता हासिल की है। के.जी.-2 कक्षा की छात्रा दृष्टि ने सभी विषयों में 100 प्रतिशत अंक प्राप्त कर ए+ ग्रेड हासिल किया और अपनी कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। दृष्टि मालवी, श्री निलेश मालवी एवं श्रीमती नेहा मालवी की सुपुत्री हैं। इतनी छोटी उम्र में इस प्रकार का उत्कृष्ट प्रदर्शन न केवल उनके परिवार बल्कि विद्यालय के लिए भी गर्व का विषय है। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने दृष्टि की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों का कहना है कि दृष्टि शुरू से ही पढ़ाई में होनहार रही हैं और हर गतिविधि में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती हैं। परिजनों ने भी इस सफलता का श्रेय विद्यालय के मार्गदर्शन एवं बच्ची की मेहनत को दिया है। दृष्टि की इस उपलब्धि से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। क्षेत्र में इस सफलता को लेकर हर्ष का माहौल है और सभी लोग नन्ही छात्रा को बधाई दे रहे हैं।

## अमृतमयी संगीतमय श्री हनुमंत चरित्र कथा का श्रद्धालु कर रहे श्रवणपान

**उगली नवभारत।** उगली मुख्यालय में बस स्टैंड, बाजार चौक उगली नगर के केंद्र बिंदु श्री सिद्ध पीठ हनुमान मंदिर प्रांगण में हनुमान जन्मोत्सव की पावन अवसर पर हनुमान मंदिर समिति और ग्राम वासियों के विशेष सहयोग से संगीत मय श्री हनुमत चरित्र कथा का सप्त दिवसीय आयोजन किया गया है, आज पंचम दिवस की कथा का श्रवण पान भक् गण, माताएं बहनें, बड़े बुजुर्ग और युवा सभी नियमित स्वयं 7 -11 बजे तक कर रहे हैं, राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता दिवाकर चौबे जी महाराज वृंदावन धाम के मुखारविंद से इस दिव्य कथा का बखान किया जा रहा है, शंकर सुमन केसरी नंदन श्री हनुमान जी महाराज भगवान राघवेंद्र सरकार की अनन्य भक्त की महिमा मंडल का बखान किया जा रहा है,गत दिवस की कथा में महाराज श्री ने हनुमान जी के 12 नाम और 12 राशियों के जातकों को अलग-अलग नाम के आधार पर मंत्र उच्चारण के साथ पूजा उपासना करने के संदर्भ में बताया गया,श्री हनुमान जी महाराज के दिव्य चरित्र का श्रवण पान भक्त गण बहुत ही हर्ष के साथ आनंदपूर्वक कर रहे हैं, इसी बीच में विगत दिवस अचानक मौसम की खराब भी हो गया लेकीन कथा नियमित चालू रही, कल 2 अप्रैल दिन गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर की युवा समिति के सौजन्य से वाहन रैली डीजे आतिशबाजी के साथ पूरे नगर भ्रमण कर पूजन अर्चन कर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा।



## माता महाकाली एवं बाबा कालेनूर शाह के दरबार में धार्मिक आयोजन

**24 मार्च से शुरू होगा कार्यक्रम**

**सिवनी नवभारत।** नगर के चूना भट्टी दफाई मोहल्ला में स्थित माता महाकाली माशानी माई एवं हज़रत बाबा कालेनूर शाह रहमतुल्ला अलैह के पावन दरबार में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भक्ति एवं श्रद्धा के साथ जवारे एवं कलश स्थापना का भव्य धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का माहौल देखा जा रहा है और श्रद्धालुओं में विशेष उत्सुकता बनी हुई है। आयोजन की शुरुआत दिनांक 24 मार्च मंगलवार को विधि-विधान के साथ कलश स्थापना से होगी। इसके पश्चात प्रतिदिन श्रद्धालु पूजा-अर्चना एवं भजन-कीर्तन के माध्यम से अपनी आस्था प्रकट करेंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत 31 मार्च 226, दिन मंगलवार को अष्टमी पूजन एवं 1 अप्रैल 226, दिन बुधवार को नवमी पूजन संपन्न होगा। इसी दिन शाम 3 बजे से ओली (ओटी) का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। इसके बाद शाम 4 बजे कलश विसर्जन किया जाएगा।

इस धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भाईचारा, आस्था और श्रद्धा का संदेश प्रसारित होता है, जहां सभी समुदायों के लोग एक साथ मिलकर पूजा-अर्चना में भाग लेते हैं। आयोजकों द्वारा समस्त श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की गई है। कार्यक्रम के निवेदक श्रीमान नारायण नंदा एवं राणा द्वारा सभी भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आग्रह किया गया है।



## सूने मकान में लाखों की चोरी नगदी व जेवर ले उड़े चोर

**बंडोल।** बंडोल थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम थावरी में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश साहू एवं हेमंत साहू के घर पर कोई मौजूद नहीं था, जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोर घर में रखी लगभग 5 हजार रुपये नगद सहित सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो गए। घटना की जानकारी लगते ही आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर बंडोल पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश की जा रही है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है तथा जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा किया जा रहा है।

## गणित को रोचक विषय बनाने में व्याख्याता गुप्ता की विशेष पहल

**सिवनी नवभारत।** छपारा नगर के सांदीपनि विद्यालय में पदस्थ गणित विषय के व्याख्याता अशोक कुमार गुप्ता द्वारा चुनौतीपूर्ण कक्षाओं 9 वीं की विभिन्न सेक्शन के विद्यार्थियों का गणित स्टैण्डर्ड में 1 प्रतिशत परीक्षा परिणाम लाकर मिसाल कायम की गई जिन विद्यार्थियों ने बेसिक गणित की परीक्षा उनका परीक्षा परिणाम भी 75 प्रतिशत से अधिक रहा है श्री गुप्ता की कक्षा के हिंमांशु पाठक व रुपेन्द्र पाठक द्वारा सभी विषय में विशेष योग्यता के साथ 95त्न अंक

प्राप्त किए गये पूरे संकाय में टाप टेन में 4 विद्यार्थी रहे। सर्वदा सहयोग के लिए श्री गुप्ता तत्पर रहते है। ज्ञातव्य है कि श्री गुप्ता गणित विषय के प्रति विशेष रुचि रखते हैं। आपके द्वारा समय समय पर छात्र-छात्राओ को गणित का मोटीवेशने दिया जाता है, आपका मानना है कि गणित को बेसिक से सीखना आवश्यक है, गणित एक सरल रोचक और जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाला एक विषय है। इससे जुडकर विद्यार्थी अपना भविष्य उज्जवल बना सकते

गणित का डर दूर करने, इसमें रुचि पैदा करने तथा गणित को सरलता से समझने व समझाने के दृष्टिकोण से आपके द्वारा विभिन्न जिलो में जाकर गणित प्रदर्शनी लगाई जाती है, जिससे बच्चे एवं शिक्षक लाभांवित होते हैं वं इस कार्य की सराहना की जाती है। गणित का जादू कार्यक्रम आपका लोकप्रिय एवं रुचिकर कार्यक्रम है, जिसमें बच्चों में गणित के प्रति रुचि जाग्रत होती है, और समाज में एक जाग्रति आती है। इस कार्यक्रम की भी सर्वत्र प्रशंसा व्याप्त है। इस क्षेत्र में सर्वदा सहयोग के लिए श्री गुप्ता तत्पर रहते हैं। आपके द्वारा बनाये गये हस्तलिखित गाणित एवं विज्ञान विषय के नोट्स संपूर्ण मध्य प्रदेश में प्रसारित होते हैं। श्री गुप्ता द्वारा छपारा नगर के संत रविदास भवन में निशुल्क कोचिंग एवं नि:शुल्क पुस्तकालय अपनी सेवाऐ दी जाती है। श्री लक्ष्मण सिंह अहिरवार (एडवोकेट) के मार्गदर्शन मे उषांकर चैरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा चलायी जा रही निशुल्क कोचिंग में कक्षा 3 से लेकर 1 तक गरीब छात्र अपनी

शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं जिनमें श्री अशोक कुमार गुप्ता का भी सहयोग क्षेत्र के सभी छात्र-छात्राओ को मिल रहा है। उषांकर चैरिटेबल एंड एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा अशोक कुमार गुप्ता की बहुत, बहुत प्रशंसा हो रही है।



## जो करते रहोगे भजन धीरे धीरे मिल जायेगा वो सजन...

**धारनाकला नवभारत।** मातृ शक्ति द्वारा आयोजित शिव महापुराण कथा मे कथा व्यास देवी गृशा शुक्ला ने आज भगवान शिव की विभिन्न कथाओ के साथ बताया की भगवान की प्राप्ती के लिये मनुष्य को हमेशा अपने जीवन मे भगवान के ये तीन आधार श्रवण कीर्तन और मनन का लक्ष्य निर्धारित करके चलने की आवश्यकता है श्रवण अर्थात नित्य प्रति भगवान की कथाओ तथा उनकी लीलाओ को सुनना भजन हमेशा करते रहना आवश्यक है जितने बार हो सके भगवान के नाम का उच्चारण मुख से करते रहना ही जीवन का सार है और आप जब भगवान की कथाओ का श्रवण कीर्तन करते चलोगे तो तीसरा मुख्य आधार मनन अपने आप हृदय मे उतर जायेगा।

शिव कथा के विभिन्न प्रसंगो मे देवी गृशा शुक्ला ने बताया की शिव लिंग का प्राकट्य उस समय हुआ जब श्रेष्ठता के विवाद मे भगवान हरि तथा ब्रम्हा जी भगवान शिव के पास पहूचे क्योकि ब्रम्हा जी यह अभिमान था की वे संसार के रचयिता है उसी समय एक दिव्य ज्योति प्रगट हुई जिसका न ही ओर था न ही छोर जिसकी तलाश मे दोनो देव निकल पडे किन्तु प्रगट ज्योति का पार न पाए सके किन्तु ब्रम्हा जी के द्वारा केतकी की सहायता से झूठ का सहारा लिया गया यही कारण है।

तीनो देवो मे ब्रम्हा जी का नाम तो है किन्तु उनकी पूजा नही और न ही मन्दिर सिर्फ एक ही स्थान पुष्कर है जहा ब्रम्हा जी पूजा जाता है और यह दया भी भगवान शिव ने ही ब्रम्हा जी पर की है और उसी समय शिवलिंग के साथ ऊ का प्राकट्य हुआ कथा मे देवी गृशा शुक्ला ने भगवान शिव की अनेको कथाओ का श्रवण भक्तो को कराया जिसे मातृ शक्ति के द्वारा बडी भक्ति और श्रद्धा के साथ श्रवण किया जा रहा है.



## विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

**सिवनी।** नगरीय क्षेत्र में 1 अप्रैल को बिजली आपूर्ति कुछ क्षेत्रों में अस्थायी रूप से बंद रहेगी। कार्यपालन यंत्री एमपीईबी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, सिवनी शहर वितरण केंद्र अंतर्गत 11 केवी टाउन-1 फीडर पर आवश्यक मेंटेनेंस कार्य किया जाना है। इस कार्य के चलते सुबह 6:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विभाग के अनुसार इस फीडर से जुड़े लगभग 1220 उपभोक्ता प्रभावित होंगे। बिजली कटौती से प्रभावित क्षेत्रों में एकता कॉलोनी, शांति नगर, ईश्वर नगर, इन्द्रहंस नगर, बीएसएनएल कॉलोनी, औद्योगिक क्षेत्र, बबरिया रोड, अपर बैनगंगा कॉलोनी रोड, आदिवासी टोला, पॉलीटेक्निक कॉलेज के पीछे का क्षेत्र, जीएडी कॉलोनी, सरोज नगर, प्रेम नगर, शुभम नगर, एमपीईबी कॉलोनी, मोतोश्री कॉम्प्लेक्स-2 तथा कीर्ति पाइप फैक्ट्री क्षेत्र शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारा जनपद पंचायत बरघाट, जिला-सिवनी**

**निविदा**

ग्राम पंचायत लोहारा द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के पक्के कच्चे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री एवं किराये की सेवाओं के लिए इच्छुक एवं पात्र फर्मो/आपूर्तिकताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। आवश्यक सामग्री/सेवाएं इस प्रकार हैं- रेत, गिट्टी, मुरुम सीमेंट लोहा ईट सीमेंट पाइप (1000 एम. एम. एवं 600 एम. एम.) पानी टैंकर परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया सेंटिंग (सेन्टीग) किराया मिक्सर मशीन किराया समस्त प्रकार की पुताई सामग्री कार्यालय उपयोग हेतु टेबल, कुर्सी, दरी आदि सामग्री कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि: 01/04/2026 से 07/04/2026 कार्यालयीन समय में (अवकाश दिवस छोड़कर) इच्छुक फर्म निर्धारित तिथि तक अपना कोटेशन कार्यालय ग्राम पंचायत लोहारा में जमा कर सकते हैं।

विलंब से प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**आदेशानुसार**

**सरपंच** — **श्रीमती लक्ष्मी चंद्र प्रकाश परते**

**सचिव** — **श्रीमती मनीषा राहंगडाले**

**कार्यालय ग्राम पंचायत काठी जनपद पंचायत बरघाट, जिला-सिवनी**

**निविदा**

ग्राम पंचायत काठी द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 में पंचायत अंतर्गत संचालित समस्त योजनाओं के पक्के कच्चे निर्माण एवं मरम्मत कार्यों हेतु आवश्यक सामग्री एवं किराये की सेवाओं के लिए इच्छुक एवं पात्र फर्मो/आपूर्तिकताओं से सीलबंद कोटेशन आमंत्रित किए जाते हैं। आवश्यक सामग्री/सेवाएं इस प्रकार हैं- रेत, गिट्टी, मुरुम सीमेंट लोहा ईट सीमेंट पाइप (1000 एम.एम. एवं 600 एम.एम.) पानी टैंकर परिवहन हेतु ट्रैक्टर किराया सेंटिंग (सेन्टीग) किराया मिक्सर मशीन किराया समस्त प्रकार की पुताई सामग्री कार्यालय उपयोग हेतु टेबल, कुर्सी, दरी आदि सामग्री कोटेशन जमा करने की अंतिम तिथि: 1 अप्रैल से 7 अप्रैल तक करना है। कार्यालयीन समय में (अवकाश से दिवस छोड़कर) इच्छुक फर्म निर्धारित तिथि तक अपना कोटेशन कार्यालय ग्राम पंचायत काठी में जमा कर सकते हैं।

विलंब से प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जाएगा। ग्राम पंचायत को बिना कारण बताए किसी भी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।

**आदेशानुसार**

**सरपंच** **सचिव**

**आयोजन** — चंद्रभान सिंह एवं तारा देवी की स्मृति में सुपुत्र जितेन्द्र सिंह के निवास में स्थापित है प्राचीन वट वृक्ष

# वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में वैदिक मंत्रों के साथ होगा शिखर कलश स्थापित

**सिवनी नवभारत।** नगर के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया जाएगा। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन पांडे ने जानकारी देते हुए बताया कि बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड समता नगर कॉलोनी में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना दिनांक 2 अप्रैल 226, हनुमान जन्मोत्सव, चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा,विक्रम संवत 283, शक संवत 1948 अभिजीत मुहूर्त, अमृत काल में, राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक श्रीमाता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे के सानिध्य में विधि विधान पूर्वक कलश का पूजन,अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित किया जाएगा। जिसके साक्षी बनेंगे आप,हम,साधु संत एवं हजारों श्रद्धालुजन। पंडित मोहन पांडे ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि नवनिर्मित मन्दिर नगर के प्रतिष्ठित परिवार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे स्वर्गीय श्री चंद्रभान सिंह एवं स्वर्गीय श्रीमती तारा देवी की स्मृति में उनके सुपुत्र जितेन्द्र सिंह(पत्रकार)द्वारा उनके निज निवास बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष में भगवान शिवजी का मन्दिर एवं शिव परिवार की स्थापना बीते वर्ष 5 अगस्त दिन मंगलवार,शक संवत 1947, विक्रम संवत 282, मास श्रावण,शुक्ल पक्ष, तिथि पुत्रदाएकादशी, नक्षत्र ज्येष्ठा, मंगला गौरी व्रत,अभिजित मुहूर्त में की गई थी। वहीं इनके द्वारा दिनांक 15 फरवरी 226 फाल्गुन मास कृष्ण पक्ष चतुर्दशी भगवान शिवजी के प्राकटोत्सव शिवरात्रि के दिन सवा क्विंटल वजनी त्रिशूल महाकाल मंदिर मठ से दर्शन करा कर बैंडबाजों,विशाल शोभायात्रा, नगर भ्रमण उपरांत बारापत्थर वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में स्थापित किया गया है। मन्दिर के कर्ता-धर्ता जितेन्द्र सिंह(पत्रकार) ने बताया कि भगवान भोलेनाथ की कृपा तथा देवलोक एवं पितृलोकवासी माता-पिता के आशीर्वाद से करोड़ों वर्ष के पुण्य प्राप्त हुए होंगे तब हमें इस जन्म में भगवान शिवजी का मन्दिर निर्माण, त्रिशूल स्थापना एवं शिव परिवार जिसमें भगवान शिवजी, माता पार्वतीजी, श्री गणेशजी, श्रीकार्तिकेयजी, नंदीजी व श्रीकीर्तिमुखजी सहित स्थापना करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। वहीं आचार्य पंडित राजेंद्र पांडेजी ने इस संबंध में कहा कि सनातन धर्म में मन्दिर निर्माण, त्रिशूल स्थापना, मूर्ति स्थापना एवं देवाधिदेव महादेव पूजन का विशेष महत्व होता है। अपने आराध्य-पूज्य के मूर्त रूप को स्थापित करना व उसमें प्राणों की प्रतिष्ठा करना धर्म है। जिसके लिए धर्मनिष्ठ जितेंद्र सिंह,धर्मपत्नी राजेश्वरी सिंह, सुपुत्र वीर सिंह एवं सुपुत्री अवीरा सिंह ने इस धर्म को निभाया है। अत: भगवान देवाधिदेव महादेव की कृपा हमेशा इस परिवार पर बनी रहे।





**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत केवलारी, जिला-सिवनी**

क्रमांक/3288/ नौका घाट नी. / ज.पं./2025-26 **नीलामी सूचना** केवलारी, दिनांक: - 31/03/2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद पंचायत केवलारी अधिनस्त हिर्री संगम नौकाघाट (सरेखाकला) वसूली वर्ष 2026-27 हेतु आम नीलामी सारणी में दर्शित दिनांक 06.04.2026 दिन-सोमवार को समय- 2.00 बजे जनपद पंचायत केवलारी के सभा कक्ष में की जावेगी नीलाम कि पूर्व बोलीधारक को रू. 10000.00 राशि की डी.डी. अथवा नगद जमा करना होगा तथा नीलामी के पश्चात ठेकेदार को नीलामी की 90 प्रतिशत राशि तत्काल जमा करना होगा शेष शर्ते कार्यालय में देखी जा सकती है।

| क्रं. | नीलामी स्थान | नौकाघाट का विवरण | नीलामी दिनांक/दिन | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जनपद पंचायत केवलारी | हिर्री संगम नौकाघाट (सरेखाकला) अवधि - 01. 04.2026 से 31 मार्च 2027 | 06.04.2026 दिन- सोमवार | समय - 02.00 बजे |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत केवलारी**